# समाचार वाणी
## ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका, SSC CGL 2025 मे 14,582 पदों पर बंपर भर्ती।

Publisher | Published on 11 Jun 2025




## SSC ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा 2025 की अधिसूचना जारी की, आवेदन की अंतिम तारीख 4 जुलाई, परीक्षा अगस्त मे।

**नई दिल्ली, 11 जून 2025:** अगर आप केंद्र सरकार में सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं, तो आपके लिए एक बड़ी खुशखबरी है। **कर्मचारी चयन आयोग (SSC)** ने **संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा 2025 (SSC CGL 2025)** की अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार आयोग ने कुल 14,582 पदों पर भर्तियों का ऐलान किया है, जो ग्रुप '**B**' और ग्रुप '**C**' के अंतर्गत विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में की जाएंगी।

आवेदन प्रक्रिया और महत्वपूर्ण तिथियां:

१. **ऑनलाइन आवेदन शुरू: 9 जून 2025**
२. **आवेदन की अंतिम तिथि : 4 जुलाई 2025**
३. **फीस भुगतान की अंतिम तिथि : 5 जुलाई 2025**

**सुधार तिथि : 9 से 11 जुलाई 2025**
**टियर-1 परीक्षा तिथि : 13 अगस्त से 30 अगस्त 2025**
**टियर-2 परीक्षा तिथि (संभावित): दिसंबर 2025**
इच्छुक उम्मीदवार **SSC की आधिकारिक वेबसाइट** ssc.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

किस-किस पद पर होगी भर्ती ?

इस भर्ती के तहत **ग्रुप B और ग्रुप C** के अंतर्गत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी:

ग्रुप 'B' पद:

१. **असिस्टेटं सेक्शन ऑफिसर**
२. **इनकम टैक्स इंस्पेक्टर**
३. **नारकोटिक्स इंस्पेक्टर**
४. **सेट्रंल एक्साइज इंस्पेक्टर**
५. **सब-इंस्पेक्टर**
६. **डाक निरीक्षक**
७. **रिसर्च असिस्टेटं**

ग्रुप 'C' पद:

१. **टैक्स असिस्टेटं**
२. **पोस्टल असिस्टेटं**
३. **आडिटर**
४. **एकाउंटेटं**
५. **अपर डिविजनल क्लर्क**

योग्यता और आयु सीमा:

**उम्मीदवार का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना अनिवार्य है।**

आयु सीमा पद के अनुसार अलग-अलग तय की गई है:

१. **18 से 27 वर्ष**
२. **18 से 30 वर्ष**
३. **20 से 30 वर्ष**
४. **आयु की गणना 1 अगस्त 2025 के अनुसार होगी।**
५. **आरक्षित वर्ग को सरकारी नियमों के तहत आयु मे छूट दी जाएगी।**

आवेदन शुल्क:

**सामान्य और ओबीसी वर्ग: ₹100**
**महिला, SC/ST, PWD और पूर्व सैनिक : कोई शुल्क नहीं**

चयन प्रक्रिया:

**कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) दो चरणों मे होंगी –**
**टियर-1: वस्तुनिष्ठ परीक्षा**
**टियर-2: मुख्य परीक्षा**

इसके बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.